हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 12 अक्टूबर 2025

04 करवाचौथ : पूनम ने रखा सैनिक पति की लंबी उम्र...



07 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की...





## खबर संक्षेप

### आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के आधार अपडेशन के लिए ₹आधार विद्यालय के द्वार₹ अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कैंप आधार अपडेशन कैंप लगाकर विद्यार्थियो के आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने बीईओ एवं बीआरसीसी को अपने कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा प्रभारी अधिकारी नियुक्त करके कैम्प स्थल से समन्वय कर प्रतिदिवस की रिपोर्ट संकलित कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक आमंत्रित

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राईसाइकिल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। आयुक्त सामाजिक न्याय ने बताया की स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने जिले से अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्र/छात्राओं को योजना हेतु आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करें एवं जिला अधिकारी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### मेडिकलों पर पहुंचकर दो पुरुष और दो महिला पत्रकार एर्बाशन किट मांगकर मेडिकल संचालकों को करते थे ब्लैकमेल

# रायसेन की फर्जी पत्रकार गैंग का सीहोर में आतंक, मेडिकल स्टोर संचालकों से अड़ीबाजी

### गंगा आश्रम स्थित मंडलोई मेडिकल स्टोर संचालक पवन वर्मा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खुद को पत्रकार बताकर जिले में मेडिकल स्टोर संचालकों को धमकाने और उनसे अवैध रूप से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने एक मेडिकल स्टोर संचालक की शिकायत पर दो पुरुष और दो महिलाओं सहित कुल चार लोगों के खिलाफ जबरन वसूली और धमकाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

दर्ज एफआईआर के अनुसार कोतवाली थाना में पवन वर्मा निवासी गंगा आश्रम ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मंडलोई मेडिकल स्टोर नाम से दुकान है। 9 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.30 बजे दो पुरुष और दो महिलाएं उनके स्टोर पर आए और उनसे (एबॉर्शन किट) गर्भपात किट मांगी। शिकायतकर्ता पवन वर्मा ने जब उनसे डॉक्टर का पर्चा दिखाने को कहा तो एक व्यक्ति ने किट हाथ में ली और फिर वापस रख दी। इसके बाद उन्होंने खुद को पत्रकार बताया। एक व्यक्ति ने अपना नाम अमित ठाकुर बताया। दूसरे ने प्रकाश दुबे बताया। महिलाओं ने अपना नाम संजना मीना और सुहानी यादव बताया। सबने चैनलों में काम करना बताया।




#### 30 हजार की डिमांड

पत्रकार बताने वाले इन लोगों ने पवन वर्मा को धमकाया कि वे एबॉर्शन किट रखते और बेचते हैं, जिसके लिए वे ड्रग इंस्पेक्टर से कार्रवाई करवाकर उनकी न्यूज चलाएंगे। यह कहकर उन्होंने कार्रवाई से बचने के नाम पर पवन वर्मा से 30 हजार की मांग की। अमित ठाकुर ने अपना मोबाइल नंबर भी दिया और 10 मिनट के अंदर जवाब देने को कहा वरना न्यूज चलाने की धमकी दी।

**अन्य मेडिकल स्टोर्स से भी वसूली** :पवन वर्मा ने तुरंत एसोसिएशन को सूचना दी। एसोसिएशन से उन्हें पता चला कि यही लोग आज ही कृष्णा मेडिकल स्टोर कोल्हीपुरा के राजेंद्र मेवाड़ा से 10 हजार ले चुके हैं। इसके अलावा वैष्णवी मेडिकल क्रिसेन्ट चौराहा के सोमेश वर्मा और ताहिरी मेडिकल गुरुद्वारे के सामने के ताहिर अली बुरहानी से भी इसी तरीके से पैसे की मांग की गई है। एसोसिएशन ने यह भी जानकारी दी कि अमित सिंह ने 16 अगस्त को श्री साई मेडिकल स्टोर्स ग्राम सतराना के श्यामबाबू से भी फोन पे पर 2 हजार 500 और अड़ी डालकर नकद 2 हजार 500 लिए थे। शिकायत में यह भी बताया गया है कि आष्टा, इछावर, बुधनी, नसरुल्लागंज और रेहटी में भी इन लोगों ने इसी तरह पैसे की मांग की है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पवन वर्मा की लिखित शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में उप निरीक्षक विक्रम अडास के निर्देश पर अपराध क्रमांक 0689/2025 के तहत अमित ठाकुर, प्रकाश दुबे, संजना मीना और सुहानी यादव के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। उप निरीक्षक विक्रम अडास को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### सीहोर में पकड़ाए फर्जी पत्रकारों का पुलिस से क्या कनेक्शन?

ब्लैकमेलिंग के आरोप में पकड़े गए चार कथित पत्रकारों के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। कोतवाली पुलिस ने जिन आरोपियों पर मेडिकल स्टोर संचालकों को धमकाकर जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है, उनकी निजी गाड़ी पर पुलिस का लोगो (मोनो) लगा मिला है। क्या मेडिकल दुकानों से वसूली कर रहे इन लोगों ने आसानी से बच निकलने की मंशा से अपनी गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगा रखा था। नियमों के अनुसार किसी भी निजी वाहन पर पुलिस या किसी अन्य सरकारी विभाग का लोगो लगाना अवैध है या फिर इनके परिवार का कोई सदस्य पुलिस विभाग में मौजूद हैं। आरोपियों ने किस आधार पर या किसकी अनुमति से अपनी गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगाया। क्या उनका सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से मध्य प्रदेश पुलिस के किसी अधिकारी या कर्मचारी से कोई संबंध है? क्या पुलिस के लोगो का इस्तेमाल अवैध वसूली को अंजाम देने के लिए प्लानिंग के तहत लगाया है। इन बातों का खुलासा पुलिस की पूछताछ में हो सकेगा।

#### ब्लैकमेलिंग का तरीका

कोतवाली थाने में एफआईआर के अनुसार अमित ठाकुर, प्रकाश दुबे, संजना मीना और सुहानी यादव नामक इन आरोपियों ने पहले बुदनी विधानसभा क्षेत्र को निशाना बनाया था। सीहोर की कार्रवाई सार्वजनिक होने के बाद अब बुदनी क्षेत्र का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें गाड़ी भी नजर आ रही है और गाड़ी पर लगा पुलिस का लोगो भी। सीहोर के मंडलोई मेडिकल स्टोर के संचालक पवन वर्मा की शिकायत पर यह गैंग पकड़ा गया। वर्मा ने बताया कि आरोपियों ने उनकी दुकान पर आकर एबॉर्शन किट मांगी और पर्चा मांगने पर खुद को विभिन्न चैनलों का पत्रकार बताते हुए 30 हजार की डिमांड की। धमकाया गया कि न्यूज चलाकर ड्रग इंस्पेक्टर से कार्रवाई करवा दी जाएगी। पवन वर्मा की सूचना पर मेडिकल एसोसिएशन ने खुलासा किया कि यह गैंग उसी दिन कृष्णा मेडिकल स्टोर से 10 हजार वसूल चुका था और पहले भी अन्य पीड़ितों से वसूली कर चुका है। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उप निरीक्षक विक्रम अडास को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस अब गाड़ी पर लगे पुलिस लोगो के संबंध में भी आरोपियों से पूछताछ करेगी ताकि पुलिस से उनके संभावित कनेक्शन का पर्दाफाश हो सके।

## शाहगंज की 18 वर्षीय युवती का शव बरखेड़ा जंगल में मिला

### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका, आरोपी युवक हिरासत में

**बुधनी।** शाहगंज थाना क्षेत्र की 18 वर्षीय लापता युवती का शव ओबेदुल्लागंज थाना अंतर्गत बरखेड़ा जंगल में मिला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का प्रतीत हो रहा है। 8 अक्टूबर (बुधवार) को युवती के अचानक लापता हो जाने पर उसके परिजनों ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 9 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे ओबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र के कैरी स्टॉप डेम के पास एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शव की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया व सीसीटीएनएस के माध्यम से सूचना प्रसारित की। इसके बाद शाहगंज क्षेत्र के परिजनों ने शव की शिनाख्त 18 वर्षीय युवती के रूप में की। इस संबंध में ओबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। संदेह के आधार पर आरोपी दीपक गौर उर्फ जस्सी पुत्र रामकेश गौर, निवासी पुरानी बस्ती शाहगंज को हिरासत में लेकर शाहगंज पुलिस से अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपी को ओबेदुल्लागंज लाया गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, युवती और आरोपी युवक के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों को घटना से पहले एक साथ बाइक पर जाते हुए देखा गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए ओबेदुल्लागंज थाना पुलिस की टीम ने शाहगंज पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## सोलह श्रृंगार कर मनाया सौभाग्य और अखंडता का पर्व करवा चौथ, चांद को देखने के बाद किया अन्न-जल ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

पति की लंबी उम्र की कामना के साथ शुक्रवार को नगर में सुहागिनों ने सौभाग्य और अखंडता का पर्व करवा चौथ मनाया। महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान से पति की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही पूजा-अर्चना कर करवा चौथ व्रत की कथा का श्रवण किया। नगर में करवा चौथ पर व्रत रखने वाली महिलाओं ने चंद्रमा निकलते ही चंद्रमा को जल का अर्घ्य देकर छलनी में चांद और पति का चेहरा देखने के बाद पति के हाथ से पानी पीकर अपना व्रत पूरा किया। सूर्यास्त के बाद से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर आसमान की ओर देखते हुए चांद के निकलने का इंतजार कर रही थीं मगर उनकी





इच्छा देर शाम पूरी हुई। रात्रि में करीब 8:30 पर चांद के निकलने के साथ ही महिलाओं ने पूजन अर्चन कर पति के हाथों अपना व्रत खोला।

करवा चौथ का दिन और संकष्टी चतुर्थी, जो कि भगवान गणेश के लिए उपवास करने का दिन होता है दोनों एक ही समय होते हैं। विवाहित महिलाएं पति की दीर्घ आयु के लिए करवा चौथ का व्रत और इसकी रस्मों को पूरी निष्ठा से करती हैं। विवाहित महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय के साथ-साथ भगवान गणेश की पूजा करती हैं और अपने व्रत को चन्द्रमा के दर्शन और उनको अर्घ अर्पण करने के बाद ही पानी ग्रहण कर व्रत पूरा करती हैं। शुक्रवार साप्ताहिक हाट बाजार और करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार में खरीद फरोख्त करती महिलाओं की भीड़ नजर आई बाजार में दिखी। रौनक से दिवाली पर्व की आहट लगने लगी। पूजा पाठ की सामग्री छलनी करवा से लेकर सोलह श्रृंगार की वस्तुओं की महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

### किसानों की सुविधा के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से करे कार्य

# भावांतर योजना के सफल संचालन के लिए राजस्व अफसर मॉनिटरिंग करे: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले भावान्तर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भावांतर योजना सोयाबीन उत्पादक किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें उचित मूल्य की गारंटी प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से संरक्षण देना और उनकी उपज का उचित दाम दिलाना है। उन्होंने इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को मंडियों में उपज विक्रय के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से कार्य करे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पंजीयन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और योजना से जुड़ी सभी जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में बताया गया कि भावांतर योजना अंतर्गत किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है,




जिसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। किसानों की सुविधा हेतु जिले में आठ पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। भावान्तर योजना के तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल के विरुद्ध राज्य सरकार किसानों को मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के अंतर की राशि प्रदान करेगी। किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 के बीच अपनी उपज मंडी में विक्रय कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। योजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं मंडी स्तर पर समितियां गठित की गई हैं।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। इसमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अभिलेख संधारण एवं न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की सेवाओं में विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी सभी कामों के साथ ही प्रत्येक शिकायत का समय पर निराकरण हो और सभी कार्य पारदर्शी एवं उत्तरदायित्व पूर्ण ढंग से हों। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करना चाहिये।

कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली में तेजी लाई जाये। वन भूमि से राजस्व भूमि में संपरिवर्तन, वन व्यवस्थापन, डायवर्सन की स्थिति, विभिन्न परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन आदेशों का अभिलेखों में अमल, उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों में समय पर कार्यवाही की जाये।

बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने दीपावली पर पटाखा बाजारों के लिए खुले स्थान का चयन कर समय से पहले दुकानें आवंटित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा की पटाखा बाजार में अग्निशमन यंत्र और दुकानों में रेत की बाल्टियाँ उपलब्ध होनी चाहिए। इसके साथ ही दुकानें विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मर से सुरक्षित दूरी पर हो। उन्होंने पटाखा बाजारों में फायर ब्रिगेड सहित सभी आवश्यक उपकरणों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने भूमि के नामांतरण के संबंध में विभिन्न राजस्व संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अपर कलेक्टर ने किया नवीन भू-अभिलेखागार का निरीक्षण

**सीहोर।** अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए नवीन भू-अभिलेखागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखागार में की गई व्यवस्थाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया और संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को नवीन अभिलेखागार का भ्रमण कराया तथा उन्हें अभिलेखागार की कार्यप्रणाली और सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने अनुभागों के राजस्व अभिलेखों का सुनियोजित एवं सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करें, जिससे अभिलेखों का त्वरित उपयोग और बेहतर संरक्षण संभव हो सके।



अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नवीन अभिलेखागार के माध्यम से पुराने राजस्व दस्तावेजों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और अभिलेख प्रबंधन को अधिक पारदर्शी एवं सुलभ बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

## अस्पताल की टॉयलेट में नवजात का शव मिला: सीहोर की हॉस्पिटल में कैमरा लगा फिर भी किसी को पता नहीं चला




**सीहोर।** जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उस समय सनसनी फैल गई जब टॉयलेट से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत टॉयलेट को बंद कराया और पुलिस को सूचना दी। मामला शुक्रवार दोपहर का है।

जानकारी के अनुसार, अस्पताल स्टाफ ने टॉयलेट में नवजात का शव देखा और तत्काल सिविल सर्जन डॉ. यू.के. श्रीवास्तव को अवगत कराया। इसके बाद सिविल सर्जन ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

**सीसीटीवी और सुरक्षा कर्मियों के बावजूद बड़ा सवाल :** सीहोर जिला अस्पताल का ट्रॉमा सेंटर पहले भी अपनी सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विवादों में रहा है। अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, बावजूद इसके किसी ने टॉयलेट में नवजात का शव फेंक दिया और किसी को भनक तक नहीं लगी। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की पोल एक बार फिर खोल दी है।

सिविल सर्जन डॉ. यू.के. श्रीवास्तव ने बताया कि हमें स्टाफ ने जानकारी दी थी। टॉयलेट को तत्काल लॉक करवा दिया गया है और पुलिस को सूचित किया गया है। आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## सेन थॉम एकेडमी इंटर स्कूल मेंटल मैथ क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम



**देवास।** सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड ने इंटरस्कूल मेंटल मैथ क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। यह आयोजन देवास सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के बैनर तले हुआ, जिसमें शहर के 13 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में गणितीय प्रतिभा, त्वरित सोच और टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करना था। सेन थॉम एकेडमी का प्रतिनिधित्व करते हुए सुदर्शन गोटी (कक्षा 5) और लक्ष्य पोटदार (कक्षा 4) ने उत्कृष्ट मानसिक फुर्ती और समस्या समाधान क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को शीर्ष स्थान दिलाया।सेन थॉम एकेडमी के प्रबंधन, प्राचार्य एवं स्टाफ ने छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दी।

## जनभागीदारी समिति की बैठक हुई आयोजित



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय देवास की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक, समिति सचिव प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा, समिति के सदस्य नयन कानूनगो, हेमंत राजोले, संकेत राय, विजय बाथम, गुरु चरण सिंह, मीना भवालकर, आनंद दुबे, लोकेंद्र शुक्ला, समिति प्रभारी डॉ. आरके मराठा, डॉ दीप्ति धवले, डॉ संजय गाड़गे के आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रबंधन की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नवीन सत्र में कम शुल्क पर एमबीए पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाए। साथ ही नवीन सत्र से बीएएलएलबी पाठ्यक्रम तथा बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की लगातार बढ़ते हुए प्रवेश को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय अधोसंरचना उन्नयन हेतु अतिरिक्त भूमि के संबंध में देवास विधानसभा की लोकप्रिय विधायक गायत्री राजे पवार से समिति निवेदन करेगी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष एवं एवं सदस्यों ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय को नगद राशि दान दी। बैठक के अंत में महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट शहीद संजय मीणा को समिति सदस्य एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा पुष्प चक्र अर्पित किया।

### जहां बचपन में घूमा करते थे संजय मीणा, उन्हीं गलियों से निकली शहीद की अंतिम यात्रा, हुआ अंतिम संस्कार

# करवाचौथ : पूनम ने रखा सैनिक पति की लंबी उम्र का व्रत, नहीं पता था वो शहीद हो गए, अंतिम दर्शन कर बार-बार हुई मूर्छित

क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने ग्रामीणों की मांग पर की घोषणा, पूर्व मंत्री वर्मा भी अंतिम यात्रा में हुए शामिल















हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

गांव की जिन गलियों में दौड़ लगाते, खेलते-कूदते बचपन बीता उन्हीं गलियों से टोंकखुर्द तहसील के ग्राम संवरसी के बलिदानी 11वीं ग्रेनेडियर अंबाला के नायक संजय मीणा की अंतिम यात्रा शनिवार को निकली। परिवार के साथ पूरा गांव गमगीन रहा। शहीद की अंतिम यात्रा में संवरसी सहित सहित आसपास के गांवों, नगरों से हजारों लोग जुटे। हर किसी की आंख नम थी। शनिवार सुबह गांव के अधिकांश घरों में चूल्हा नहीं जला, दुकानें व अन्य प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे। गांव में शव पहुंचा तो पत्नी पूनम मीणा, माता पार्वतीबाई मीणा बार-बार बदहवास होती रही जिन्हें संभालना मुश्किल हो गया। संजय के बलिदान होने की जानकारी पत्नी को नहीं दी गई थी, उन्होंने शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत, पूजन किया। शनिवार सुबह उनको संजय के इस दुनिया में नहीं होने के बारे में बताया गया।

### फौजियों के परिवार और गांव से थे संजय

शहीद संजय मीणा लालसिंह के सबसे छोटे पुत्र है। संजय मीणा ने 2013 में फौज में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प लिया था। भारतीय सेना में उनकी सेवा 12 वर्ष की हो चुकी थी। 3 साल बाद रिटायर होने वाले थे। साथ ही उनके बड़े भाई हेमंत मीणा भी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। वे तकरीबन 3 से 4 माह बाद रिटायर होंगे। लालसिंह मीणा के चार पुत्र है जिसमें से 3 भारतीय सेना में है। जानकारी अनुसार संपूर्ण ग्राम में लगभग 65 फौजी हे जिसमें से 45 रिटायर हो चुके है और 25 अभी सेवाएं दे रहे है। गांव में संजय मीणा की पहली शहादत हुई है।

### सेना ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

दोपहर करीब 12 गार्ड ऑफ ऑनर सेना के जवानों द्वारा दिया गया। संजय के 10 वर्षीय पुत्र युवराज ने गांव के सार्वजनिक मुक्तिधाम पर मुखाग्नि दी। इससे पहले सुबह इंदौर एयरपोर्ट से लेकर संवरसी तक सैकड़ों स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा करके संजय को श्रद्धांजलि दी। पूरे रास्ते देशभक्ति के तराने व संजय मीणा अमर रहे, के नारे गूंजते रहे। शहीद संजय मीणा का पार्थिव शरीर भारतीय सेना द्वारा सुबह 7 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसके बाद रोड मार्ग से होते हुए देवास के रसूलपुर चौराहे पर स्थानीय,ग्रामीणजन,दोस्त, परिवारजन वहां पहले से उपस्थित थे। उसके बाद शौर्य यात्रा शुरू हुई जहां डीजे पर राष्ट्रीय गीत बजने से शहर से लेकर गांव तक भक्तिमय माहौल हो गया। भारत माता के जयकारों के साथ शौर्य देवास होते हुए भौरासा फाटा पहुंची जहां सैकड़ों देश भक्तों ने पुष्प वर्ष की। नगर में प्रवेश करते ही समस्त नगरवासियों ने अपने घरों से पुष्प वर्षा कर शहीद मीणा को अंतिम विदाई दी। सड़को को फूलों ओर रंगोलियों से पाट दिया । शहीद संजय मीणा के पार्थिव शरीर को सेना के वाहन में सम्मान से लाया गया जिसमें आगे शहीद का फोटो था और रथ को फूलों से सजाया गया था।

### बच्चों और पत्नी को अपने पीछे छोड़ गए शहीद

शहीद संजय मीणा की शादी 2015 में हुई थी। वे अपने पीछे पत्नी पूनम मीणा और दो छोटे छोटे बच्चों को छोड़ गए जिसमें एक लड़का युवराज सिंह मीणा जिसकी उम्र 9 वर्ष है और एक लड़की प्रतिभा मीणा जिसकी उम्र 6 वर्ष है। संजय मीणा अंबाला में पदस्थ थे और अरुणाचल प्रदेश अपनी बटालियन के साथ गए हुए थे इसी दौरान हादसा हुआ। उनकी पत्नी पूनम मीणा ने करवा चौथ का व्रत कर पति की लंबी उम्र की कामना की पर होनी को कौन टाल सकता है। शनिवार सुबह पति का आखिरी बार चेहरा देख पत्नी पूनम ओर मां पार्वतीबाई बार बार मूर्छित हो गई। उन्हें क्या पता था कि जिसके लिए कल व्रत रखा आज वही पार्थिव शरीर बन के सामने आ जाएगा।

### शहादत पर हुई राजनीति

क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने सुबह 7 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ओर साथ में पैतृक गांव आए। जहां श्मशान घाट पर प्रोटोकॉल के तहत चक्र श्रद्धांजलि दी। साथ ही कांग्रेस से पूर्व विधायक सज्जनसिंह वर्मा भी पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सज्जनसिंह वर्मा ने अपनी सरकार के समय हुए कुलाला के शहीद संदीप यादव से तुलनात्मक बात कर कहा कि में जब में मंत्री पद पर था तब कलेक्टर ओर पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे और 3 दिन में 1 करोड़ रुपए की राशि हमारी सरकार ने शहीद परिवार को दिए थे। आज न कलेक्टर ओर न ही पुलिस अधीक्षक मौजूद है और न ही प्रभारी मंत्री,सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी उपस्थित हुए। इस दौरान वर्तमान विधायक डॉ. सोनकर ने कहा कि उक्त जगह राजनीति करना ठीक नहीं है। यहां हम एक शहीद की अंतिम विदाई में पहुंचे है। कांग्रेस के नेता बहुत वरिष्ठ हे उन्हें ज्ञात होना चाहिए कि कहा कब ओर क्या बोलना चाहिए। कांग्रेस अपनी दोगली राजनीति करने से बाज नहीं आती फिर भी में ग्रामीणों की मांग पर शहीद के नाम से स्वागत द्वार,स्मारक,स्कूल का नाम और सरकार के आदेश अनुसार 1 करोड़ की राशि,परिवार में सरकारी नौकरी नियम अनुसार दी जाएगी। साथ ही बच्चों की पढ़ाई विधायक होने के नाते में स्वयं करवाऊंगा। चिंता न करे भारतीय जनता पार्टी की सरकार आपके साथ ओर हमेशा शहीदों के परिवारजनों के साथ रहेगी। रही बात कलेक्टर ओर पुलिस अधीक्षक की तो उस विषय पर बात की जाएगी। अंतिम यात्रा में प्रशासन की ओर से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक नहीं पहुंचे। टोंकखुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना,तहसीलदार गौरव निरंकारी,नायब तहसीलदार,रवि शर्मा,एसडीओपी दीपा मांडवे,थाना प्रभारी प्रीति कटारे व्यवस्थाएं संभाले हुए थे।

### कच्ची शराब बिक्री पर प्रतिबंध को लेकर ग्रामीणों ने निकाली जन आक्रोश रैली, दी चेतावनी

# मांग पूरी नहीं हुई तो हाईवे पर धरना देकर करेंगे चक्काजाम






हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम कमलपुर में अवैध रूप से बिकने वाली कच्ची शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जन आक्रोश के साथ नगर में रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष शामिल हुए। ग्रामीण रैली के रूप में पुलिस थाना कमलापुर पहुंचे, जहां पुलिस थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि कमलापुर के कई लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब का विक्रय किया जा रहा है जिससे गांव के भोले भाले लोगो को शराब का आदि बना दिया गया है और शराब के सेवन से कई घरो के युवा को लत लग चुकी है। विगत 4-5 माह में कई मौते भी कच्ची शराब से हो हुई है।

गरीब वर्ग के लोग व कृषकगण मेहतन मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का जीवन चला रहे है किन्तु अवैध रूप से शराब का विक्रय होने पर गांव के भोले भाले लोग शराब के आदि हो रहे है। आबकारी विभाग कि निष्क्रियता के चलते कच्ची शराब का विक्रय करने वालो के होसले बुलंद हो चुके हैं। आए दिन गांव में एक दूसरा पक्ष शराब पिकर लडाई झगडा कर रहा। यदी प्रशासन द्वारा उक्त कच्ची शराब के विक्रय करने वालो के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही नही की जाती है तो उस दशा मे हम समस्त ग्रामीणों द्वारा उग्र आन्दोलन किया जाएगा।नागपुर इन्दौर एच 59 नेशनल हाईवे पर धरना प्रर्दाशन व चक्का जाम किया जाएगा जिसके लिए स्वयं प्रशासन जिम्मेदार रहेगा। पूर्व में महिलाओ द्वारा कच्ची शराब के विक्रय पर रोक लगाने के सम्बंध मे भी एक आवेदन दिया गया था किन्तु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उसके उपरान्त मुख्य मार्ग बडी कमलापुर पर मदीरा दुकान खोली गई जिस कारण बच्चो को भय बना रहता है जिसके चलते स्कुली बच्चों के साथ बडी घटना घटीत हो सकती है। ज्ञापन का वाचन एडवोकेट प्रविण चौधरी ने किया। जन आक्रोश रैली मां अंबिका चौक से प्रारंभ की गई जो कि बागरी मोहल्ला होते हुए मुख्य मार्ग से नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए थाना पहुंची। जहां पर सभी महिला पुरुष व बच्चों की उपस्थिति में ज्ञापन प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा को दिया गया। इस दौरान कालू गुर्जर, राजेश बानीवाल,श्याम दरबार, प्रवीण चौधरी,शुभम गोस्वामी,दीपक डोड, राकेश जाट, पप्पू मेसरिया, पुष्पेन्द्र सिंह दरबार, गायत्री बाई,राजू बाई,किरण बाई, अलाउद्दीन काजी, ज्योति बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। थाना प्रभारी कमलापुर ने बताया कि विभागीय काम से मुख्यालय आया हुआ था, ज्ञापन के मामले में जानकारी ली गई है, हमारे द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में भी उचित कार्रवाई की जाएगी।

## किसान हितैषी मांगों को लेकर गत दो दिन से किसान संघ का धरना जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों के हक की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं किसान विगत दो दिनों से एसडीएम कार्यालय बागली के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन शासन प्रशासन के जिम्मेदार किसानों की मांगों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं शुक्रवार को जिला कलेक्टर भी बागली पहुंचे थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किसानों से मुलाकात करना भी उचित नहीं समझा।

भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने बताया कि सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। आज किसान काफी परेशान नजर आ रहा है लेकिन सरकार कि गलत नितियों के कारण किसानों को मदद नहीं मिल रही है। इस कारण आज देश का अन्नदाता सड़क पर बैठा नजर आ रहा है। खरीफ फसल नुकसानी की राहत राशि, बीमा क्लेम एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी, पिछले साल खरीफ फसल सोयाबीन मक्का एवं अन्य जिंसों की पीला मोजक एवं जल भराव से 80 से 90% रकबे में 70% से 80% फसल खराब हुई थी ,उसकी राहत राशि बार बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी आज तक नही दी गई हैं।

बीमा क्लेम की राशि भी नाम मात्र नहीं मिली है और कई हल्के में वह भी नही मिली है। इस दौरान रामप्रसाद सूर्या, केदारमल पाटीदार, शिवनारायण यादव,सतिश प्रजापत, अनिल पाटीदार, नारायण मंडलोई, विक्रम सिंह उदावत सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अनमोल सोनी का नेशनल के लिए चयन

**विदिशा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था साकेत स्कूल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर तीरंदाजी खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नर्मदापुरम जिले के इटारसी में 4 से 8 अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विदिशा के साकेत स्कूल के नौ खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में आयुषी सिंह ने 17 वर्ष बालिका वर्ग रिकर्व राउंड टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अनमोल सोनी ने 17 वर्ष बालिका वर्ग कंपाउंड राउंड में चौथा स्थान अर्जित कर नेशनल एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। अब अनमोल सोनी झारखंड की राजधानी रांची में नवंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### जल उपयोगिता समिति की बैठक 14 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक मंगलवार 14 अक्टूबर को होगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। बैठक में पेयजल एवं औद्योगिक प्रयोग के लिए जल का आरक्षण, जलकर का भुगतान, कृषि विभाग द्वारा फसलों का चुनाव किया जाना, विद्युत विभाग द्वारा जल संसाधन की अनुमति के बिना नहर एवं बांध पर विद्युत कनेक्शन नहीं देने सहित लोनिवि अंतर्गत निर्मित सड़कों के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. नरेश सोलंकी और डॉ. जगमोहन प्रजापति (अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय) ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सोलंकी ने कहा कि स्वास्थ्य केवल रोग की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की स्थिति है। डॉ. प्रजापति ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को आवश्यक बताया। कार्यक्रम को डॉक्टर अशोक राजपूत ने भी संबोधित किया।

### किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगा

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 200 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास वृद्धि और मानसिक संतुलन के उपाय बताए। बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा और सकारात्मक सोच अपनाने का संकल्प लिया।

### एसपीआर पोर्टल पर ई-केवाईसी सत्यापन 13 अक्टूबर से अनिवार्य

**विदिशा।** जिले के सभी स्थानीय निकाय कर्मचारियों को अब एसपीआर पोर्टल पर लॉगिन के लिए ई-केवाईसी आधारित ओटीपी सत्यापन अनिवार्य रूप से करना होगा। यह व्यवस्था 13 अक्टूबर 2025 से लागू होगी। समग्र सपोर्ट टीम ने बताया कि लॉगिन के समय समग्र आईडी से जुड़े मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करना आवश्यक रहेगा। टीम ने सभी कर्मचारियों से शीघ्र ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण करने और अपनी वार्ड या ग्राम पंचायत मैपिंग सही करने की अपील की है। यह कदम डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### नरवाई जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिले की भौगोलिक सीमाओं में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। भूमि स्वामियों द्वारा खेतों में डंठलों को जलाने से आग फैलने की घटनाएं होती हैं।

---

## पीएम धन धान्य कृषि योजना समेत दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ

# 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली से केवीके पर किसानों हेतु सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए 42 हजार करोड़ रुपये के व्यय वाली पीएम धन धान्य कृषि योजना समेत दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और 100 चयनित जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है। साथ ही पीएम मोदी द्वारा 11,440 करोड़ रुपये व्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूवात की गयी।

इसका उद्देश्य दालों की उत्पादकता के स्तर में सुधार करना, दालों की खेती के रकबे का विस्तार करना, मूल्य श्रृंखला- खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण को मजबूत करना और घाटे में कमी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया गया कि प्रधानमंत्री धन धान्य योजना में 11 मंत्रालय के 36 योजनाओं का समन्वय किया गया है जिसके अन्तर्गत देश के 100 जिलों का चयन कर किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई तथा ऋण प्रबधंन जैसे सुविधाओं को आगे बढ़ाया जायेगा। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल ने द्वीप प्रज्वलन किया। केवीके अध्यक्ष डा.मुकेशचंद्र ने किसानों से फसल विविधिकरण अपनाने में बुन्देलखण्ड में दलहनी-तिलहनी के क्षेत्रफल को बढ़ाने, बाजार उपलब्धता हेतु एफपीओ को मजबूत करने पर बल दिया गया।

इस दौरान जिला पंचायत कैलाश नारायण, सीडीओ, डीएओ, सीवीओ, डीआईओ, एलडीएम नाबार्ड, गृह वैज्ञानिक, एटीएस कृषि विभाग, केवीके, एनआईसी व अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, किसानों ने प्रतिभाग किया।

---

## सहायक खाद्य आयुक्त की कार्रवाई

# पिकअप में दूध से भरे कंटेनर पकड़े, सैंपल जांच को भेजे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई किये जाने को लेकर खाद्य विभाग लगातार कार्यवाहियां कर रहा है।**

इसी क्रम में शनिवार को सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ जांच के दौरान एक पिकअप, जो कि टीम को देखकर भाग रही थी को पीछा करके पकड़ लिया। इस पिकअप में लदे कंटेनरों में भारी मात्रा में भरे दूध के सेम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ मिलावटी खाद्य सामग्री न बिक सके, इसलिए जांच-पड़ताल में मशगूल थे। तभी नेहरू महाविद्यालय के पास उन्हें एक पिकअप संख्या यू.पी.94 टी 9545 को आता देखा। इस पिकअप में कंटेनर लदे हुये थे। पिकअप चालक ने टीम को देखकर तत्काल गाड़ी को तेजी से भीड़-भाड़ वाले इलाके से निकालने का प्रयास किया, ताकि टीम उसे पकड़ न सके। लेकिन सहायक खाद्य आयुक्त की सतर्कता के चलते उन्होंने पीछा करते हुये कैलगुवां तिराहा के पास से पिकअप को रोक लिया। बताया जा रहा है कि टीम ने गाड़ी में रखे कंटेनरों से दूध के सैम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

---

## पार्षद चौबे पर एक और एफआईआर

# सड़क पर जानवर दौड़ा खराब करने का लगाया था आरोप

**ललितपुर।** वार्ड नम्बर पन्द्रह से पार्षद मनमोहन चौबे एड. ने बीते शुक्रवार को ही जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर नगर पालिका परिषद के एक ठेकेदार पर मानक विहीन सड़क निर्माण किये जाने का आरोप लगाते हुये झूठी एफआईआर दर्ज कराकर फंसाये जाने की धमकी दिये जाने का गंभीर आरोप लगाया था। अब देर रात ठेकेदार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पार्षद मनमोहन चौबे एड. के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चण्डी मंदिर के पास रहने वाले ठेकेदार नागेन्द्र रावत ने पार्षद पर आरोप लगाते हुये बताया कि वह नगर पालिका परिषद में पंजीकृत ठेकेदार है और उनके वार्ड नं. 15 में सीसी रोड निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि जब वह कार्य स्थल पर पहुंचा तो वार्ड के पार्षद मनमोहन चौबे ने एक लाख रुपये की मांग करते हुये कमीशन न देने पर सड़क नहीं डाल पाने की धमकी दी। यह भी आरोप है कि विरोध करने पर पार्षद ने गालियां देते हुये देख लेने की धमकी दी और मटेरियल का नुकसान करते हुये कार्य में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। ठेकेदार का आरोप है कि 7 अक्टूबर को रात करीब 8 से 9 बजे के मध्य पार्षद अपने कुछ लोगों के साथ आये और बनायी गयी सड़क पर जानबूझकर जानवरों को उस सड़क पर दौड़ा दिया, जिससे सड़क खराब हो गयी और उसका नुकसान हो गया। मामले की जानकारी अधिशाषी अधिकारी को अगले दिन 8 अक्टूबर को दी गयी। पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर पार्षद मनमोहन चौबे पर बीएनएस की धारा 308 (4), 352 व 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# 78 लोगों की जांच कर दवाइयां दी गई

## सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के अंतर्गत स्थानीय संस्था द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना द्वारा ब्लॉक के ग्राम मसौराखुर्द स्थित भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के मैदान में सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर (सीवीएस) का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य शिविर में आये हुए सभी लोगों की एचआईवी, सिपिलिस, हेप-बी, मधुमेह, बी.पी. एवं टी.बी. की स्क्रीनिंग कर कुल 78 लोगों की जांच की गई जिसमें से एचआईवी रिक्टेटिव, व्हीडाल रिक्टेटिव पाया गया। साथ ही एसटीआई एवं वायरल सर्दी, जुखाम, बुखार जनरल दवाइयों का भी वितरण किया गया एवं सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांव के लोगो को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक भी किया गया। इस कैम्प में चिकित्सा अधिकारी डा.आशीष जैन, डा.बी.एस.चंदेल, डा.आदर्श चंदेल, लैब तकनीशियन श्लोक श्रीधर, आई तकनीशियन दीपक सिंह, परियोजना प्रबंधक टी.आई. हरेन्द्र रिछारिया, एम एण्ड बी अकाउंट ऑफिसर विजय बहादुर सिंह पाल, ओआरडब्ल्यू टीआई अनिरुद्ध सिंह उपस्थित रहे।

---

## पुलिस अधीक्षक से शिकायत की

# बाइक से टक्कर मारकर मां बेटे को किया घायल

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बिरधा अंतर्गत विजयपुरा में रहने वाले आशीष यादव पुत्र जण्डैल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। आशीष ने पुलिस को बताया कि बीती तीन अक्टूबर को अपराह्न करीब 2 बजे वह किसी कार्य से अपने गांव विजयपुरा से ललितपुर आ रहा था। वह जैसे ही वह कुमरौल ब्रिज के पास पहुंचा तो सामने से आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 पी 8941 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह और उसकी मां गिरकर घायल हो गयीं। टक्कर मारने वाली मोटर साइकिल सीवीजेड कुमरौल निवासी सोनू पुत्र मुन्नागिरी चला रहा था। मामले की शिकायत करने की कहने पर सोनू गिरी व उसके परिजनों में सतेन्द्र पुत्र आनन्द गिरी लगातार उसे राजीनामा करने के लिए दबाव बनाते हुये गालियां देकर जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। मालमे की सूचना बिरधा चौकी पुलिस को देने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुयी, जिसके बाद दबंगों के हौंसले बुलंद हैं और वह राजीनामा न करने की हालत में गांव में नहीं रहने देने की धमकियां लगातार दे रहे हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि इस घटना के बाद उसकी मां को रीढ़ की हड्डी में चोट आयी है, जिससे वह चल-फिर नहीं पा रहीं हैं। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आशीष की तहरीर अनुसार उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया

# लखीमपुरखीरी का यात्री ट्रेन से गिरकर घायल

**ललितपुर।** जिले के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र में बिजरौठा रेलवे ट्रैक के पास शुक्रवार रात एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची और आरपीएफ कांस्टेबल विपिन कुमार ने घायल व्यक्ति को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

उक्त मामले मे डॉक्टर अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्ति के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। जिसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायल की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी 35 वर्षीय राजेश मल्हार के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति राजेश द्वारा बताया गया है कि वह मानहार से झांसी जा रहा था। आरपीएफ पुलिस द्वारा बताया गया घायल व्यक्ति के पास से कोई रेलवे की टिकट नहीं मिली है। जिससे पता चल सकता कि व्यक्ति कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था, लेकिन घायल व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह झांसी जा रहा था, व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। और व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। आरपीएफ कांस्टेबल विपिन कुमार ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि की है।

### दुकान के गल्ले में रखे पैंतालीस हजार रुपए उठाकर भागे बदमाश

ललितपुर। पड़ौसी गांव मसौराकलां व हाल शहर क्षेत्र के मोहल्ला बसन्त बिहार कालोनी में रहने वाले आकाश तिवारी पुत्र स्व.उमाशंकर तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गल्ला मण्डी के सामने उसकी आकांक्षा ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित है। बताया कि 9 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे वह दुकान के बाहर बोरी गिन रहा था। तभी एक व्यक्ति चैक की शर्ट पहने हुये दुकान के अंदर पहुंचा और गल्ले में रखे करीब 45 हजार रुपये निकालकर ले गया। उस व्यक्ति का पीछा किया तो वह दौड़कर सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी संख्या यू.पी.80 एफ.एफ. 3852 में बैठकर भागने लगा, तब उसने देखा कि गाड़ी में दो लोग थे। थोड़ी दूर पीछा करने के बाद उनका हुलिया अच्छे से देख सका। पीड़ित के अनुसार उक्त लोग हवाई पट्टी के साइड भाग गये। पुलिस ने आकाश तिवारी की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# महिला का आरोप दहेज की खातिर किया उत्पीड़न

## शराब पीकर गालियां देते हुए विरोध करने पर मारपीट करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मोहल्ला आजादपुरा लेडिया में रहने वाली रश्मि पत्नी अभिषेक उर्फ निक्की ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 के फरवरी माह में हुयी थी। आरोप है कि शादी के बाद से पांच वर्षों तक उसका पति उसे दहेज की बात को लेकर परेशान करता आ रहा है और शराब पीकर गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट करता है। महिला ने बताया कि 9 अक्टूबर 2025 को पति ने उसके मायके थाना बार के ग्राम सेमरा भागनगर जाकर दहेज की मांग करते हुये उसके परिजनों को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पीड़िता ने कई बार महिला थाना में दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। रश्मि ने आरोप लगाया कि उसके पति का आर्केस्ट्रा में काम करने वाली लड़कियों से अवैध सम्बन्ध है, जिसका विरोध करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी जाती है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके दो बच्चे हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब पीकर शान्ति भंग कर रहे युवक की शिकायत

**ललितपुर।** सौजना थाना क्षेत्र के ग्राम चड़ारा में दर्जनों ग्रामीणों ने एक शराबी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक आए दिन गाली-गलौज करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक की हरकतों से गांव का माहौल खराब हो रहा है और वे बेहद परेशान हैं। उसकी गतिविधियों के कारण गांव में अशांति फैल रही है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी से परेशान होकर ग्रामीणों ने पहले एक पंचायत बुलाई थी। पंचायत में युवक को समझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। ग्रामीणों ने सौजना पुलिस से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र पर धनीराम, सुक्का, भूरे, हिरूवा, देशराज, कोसा, मूला, रईसा, रखुवा, बालचंद और कन्हैया सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

---

## कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बेतवा नदी किनारे के क्षेत्र का भ्रमण किया

# हरित क्षेत्र, योग स्थल, ओपन एयर थियेटर जैसे सार्वजनिक उपयोग बेतवा किनारे जगह चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को बेतवा नदी तट का भ्रमण कर बेतवा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट एवं नगर वन परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि का चयन किया। इस अवसर पर नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि बेतवा रिवर फ्रंट का विकास शहर की पहचान को नया आयाम देगा। इस परियोजना के माध्यम से न केवल नदी तट का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए एक आकर्षक पर्यटन स्थल भी तैयार होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि रिवर फ्रंट डेवलपमेंट में पर्यावरणीय संतुलन और प्राकृतिक सौंदर्य को प्राथमिकता दी जाए। इसी क्रम में नगर वन परियोजना के लिए भी भूमि का चयन किया गया। जहां नागरिकों के लिए हरित क्षेत्र, योग स्थल एवं ओपन एयर थियेटर जैसे सार्वजनिक उपयोग के स्थल विकसित किए जाएंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि चयन के बाद शीघ्र डीपीआर तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा जाए ताकि परियोजनाओं पर कार्य शीघ्र आरंभ हो सके।



**विदिशा।** बेतवा किनारे के भ्रमण के दौरान भूमि का चयन करते हुए कलेक्टर व सीएमओ।

---

# निशुल्क राशन की पात्रता से 425 परिवार हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- 97 परिवारों ने निशुल्क राशन जारी रखने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निशुल्क राशन का लाभ ले रहे 6 लाख से अधिक आयकर रिटर्न फाइल करने वाले परिवारों की जांच के दौरान नगर के 552 परिवारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए थे।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि इनमें से 30 परिवारों ने स्वेच्छा से अपनी पात्रता समाप्त करने हेतु पोर्टल पर आवेदन किया है, जबकि 97 परिवारों ने अपने जवाब में निशुल्क राशन का लाभ जारी रखने का आग्रह किया है। श्री तंतुवाय ने बताया कि शेष 425 परिवारों द्वारा निर्धारित समय सीमा में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे परिवारों की पात्रता निरस्त किए जाने की कार्यवाही ऑनलाइन पोर्टल पर प्रचलन में है। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों ने स्वेच्छा से नाम विलोपित करने का आग्रह किया है, उनके नाम पोर्टल पर चिन्हांकित कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार आयकर दाताओं को राशन पात्रता सूची से बाहर करने के उद्देश्य से की जा रही है ताकि वास्तविक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।

## 8 वर्ष बाद भी 25% कार्य अधूरा, कुंवर चैनसिंह डैम जल आवर्धन योजना बेहाल

# नगर में टैंकरों से हो रही पानी की सप्लाई, हर घर नलजल योजना ठप






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/कुरावर

हर घर नल और जल पहुंचाने के सरकार के सपनों और वादों को यदि टूटता हुआ देखना है तो कुरावर आइए जहां पर बारिश के महिनों भी टेंकरों से पानी लेने को मजबूर है नगरवासी। यहा पर जिस नलजल योजना को 2017 अगस्त से शुरू होकर अगले 850 दिनों में नगर की प्यास बुझाने का जिम्मा जिस कंपनी को सौंपा गया था वह अधूरा काम छोडकर भाग गई। इसमें हैरत की बात यह है कि अधूरा काम होने के बाद नगरपरिषद कुरावर ने 2024 में अपने हेंडओवर कैसे ले लिया जबकि आज भी 25 प्रतिशत काम नहीं हुआ है। फिर कंपनी का पेमेंट कैसे हो गया यह भी प्रश्नचिंह भी जिम्मेदारों पर खडें हो जाते है।

कुरावर,बोडा और कोटरी; आष्टाके हाल यह है कि कंपनी ने पहले ही जरूरत के हिसाब से कम नल कनेक्शन कर अपने काम की इतिश्री कर ली अधूरे काम में जल की सप्लाई भी पिछले 2 महिनों से नहीं को पा रही है जिसका कारण कारण कुरावर-कालापीपल रोड के समीप खुदाई कार्य के चलते नल जल योजना के पाइपों को क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है। योजना को 08 वर्ष से अधिक हो गया है परंतु आज तक नलजल योजना का पानी सभी लोंगो के घर नही पहुंच पाया है। वर्ष 2016 में प्रदेश सरकार से पूर्व नगर अध्यक्ष रमादेवी जागीरदार की मांग पर मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने कुँवर चैनसिंह ड़ैम से नलजल योजना संचालित करने के लिए 2016 में योजना तथा सर्वे कर कोलकाता बेस्ट बंगाल की निजी कंपनी को टेंडर सौंप दिया था। कंपनी ने 4 अगस्त 2017 को 850 दिन में कार्य पूर्ण कर जल सप्लाई करना आश्वासन दिया था परन्तु 08 वर्ष बीतने के बाद भी कंपनी काम पूरा नही कर पाई है।

### करोड़ों की नलजल योजना को लगा दिया पलीता

योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा रियान वाटर टेक प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता को टेंडर दिया गया है जिसे 3 टाउन में पूरे करना था। इन 3 टाउन में कुरावर, बोड़ा और कोटरी (आष्टा) सीहोर में जलप्रदाय योजना (1ए) शामिल है पूरी योजना के लिए 37,02,65,859.90 की राशि खर्च कि जा रही है। 10 साल तक कंपनी मेंटेनेंस करेगी जिसके लिए 15 करोड रुपए रहेंगे शेष राशि निर्माण में लगेगी। कुरावर के लिए नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम कुंवर कोटरी के समीप स्थित कुँवर चैनसिंह डेम से कुरावर तक 25 किलोमीटर की दूरी तय कर योजना का पानी वार्ड क्रमांक 13 कालापीपल रोड स्थित फिल्टर प्लांट पर लाया जा रहा है जहां पर पानी फिल्टर होकर नई टंकी जिसकी क्षमता 900 के एल व डब्लू टी पी 4.7 एमएलडी तथा वार्ड क्र 05 इंदिरा आवास कॉलोनी स्थित पानी की टंकी पर एकत्रित होगा। यहां पर ढाई लाख लीटर की क्षमता की टंकी का निर्माण हो रहा है जो पानी को स्टोर करके रखेगा, यहां से नगर के 40 किलोमीटर क्षेत्र में बिछी पाइप लाइन में पानी दौड़ेगा जिससे शहर के प्रत्येक घर पानी पहुंचेगा।

### अकेले कुरावर में कई वार्डों में अधूरा पड़ा काम

कुरावर के वार्ड क्रमांक 01, 02 व 03 में आधे अधूरे कनेक्शन ही लगे हैं। वही जहां पर कनेक्शन लगे है वहां पर दो महिने से नल में पानी नही आ रहा है। परियोजना क्रियांवयन ईकाई भोपाल के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि लगभग 25 हजार की आबादी वाले कस्बे में जल प्रदाय योजना का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के इस वर्ष अक्टूबर तक पूरा हो जाने की संभावना है।

**इनका कहना है...**

नलजल योजना के लिए लगाई गई चार मोटर पम्प जल गए थे उन्हे ठीक करवा लिया गया है सप्लाई में फिल्टर प्लांट में कहां फाल्ट आ रहा है उसे दिखवाया जा रहा है सम्भवतः आज शाम तक नगर में जल सप्लाई किया जा सकता है।

लीलाधर सेन,
मुख्य नगर परिषद अधिकारी कुरावर

तकनीकि खराबी के चलते कुछ दिनों से नलजल योजना बंद है, हम इस समय डेम पर है हमारे साथ भोपाल व बालाघाट की टीम भी है जो सुधार कार्य कर रहे है,

दिवाकर शुक्ला,
प्रभारी रियान वाटर टेक प्राइवेट लिमिटेड

## दो आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज

# फॉरेस्ट के उड़नदस्ते ने राजस्थान सीमा से पकड़ी 50 क्विंटल लकड़ियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कहीं विकास के नाम पर तो कहीं हरियाली के दुश्मन बनकर बैठे वन माफियाओं द्वारा हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुध कटाई लगातार जारी है। वन विभाग की आंख बचाकर वन माफिया रात के अंधेरे में बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई करते हुए न केवल दूसरे जिलों बल्कि सीमा से सटे राजस्थान राज्य में भी अवैध लकड़ियों का परिवहन करने में लगे हैं।

हालांकि, इस बार वन विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ते ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे कार्यवाही करते हुए राजस्थान सीमा पर 50 क्विंटल बबूल की लकड़ियों से भरे टैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। माचलपुर क्षेत्र के घोघटपुर के समीप राजस्थान सीमा पर अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन होने वाला है। सूचना मिलने के बाद रात्रिकालीन गश्ती टीम ने संबंधित स्थल पर घेराबंदी की। इस दौरान सामने से एक टैक्टर-ट्रॉली आते नजर आई जिसमें बबूल की लकड़ियां भरी हुई थी। जब इस संबंध में टैक्टर चालक सत्तार पिता रुस्तम खान से कागजात मांगे गए तो वो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर टीम द्वारा वाहन समेत पूरी लकड़ियां जब्त कर ली गईं।

### 50 हजार रुपए कीमती है जब्त लकड़ी

विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ियों की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। टीम प्रभारी श्री भिलाला ने बताया कि इन लकड़ियों का मालिक फरीद पिता हबीब खान निवासी जीरापुर है। ऐसे में सत्तार और फरीद दोनों को आरोपी बनाते हुए वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। डीएफओ बे.पी. दोतानिया के निर्देशन में हुई इस कार्यवाही में वन क्षेत्रपाल मोहन सोनगिरा, उप वनक्षेत्रपाल रणजीत सिंह गुर्जर, वनपाल सुमेर सिंह, जीतेंद्र, सुनील विश्वकर्मा का भी योगदान रहा।

## बस स्टैंड पर चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था, रोजाना लगता है जाम



**कुरावर।** इन दिनों नगर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बस स्टैंड के चारों तरफ छोटे बड़े वाहनों सहित, कार, स्कूल बस, ट्रक व बसे बड़ी संख्या में फंसे रहे। दोपहर करीब 03 बजे से लगभग 04 बजे तक एक घंटे सैकड़ो वाहन जाम में फंसे रहे। आए दिन बस स्टैंड पर जाम जैसे हालात बन जाते है। जानकारी के अनुसार हाईवे चल रहे कार्य के चलते हाईवे से निकलने वाले वाहनों को इन दिनो नगर के सर्विस रोड से निकला जा रहा है जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ है। वही ब्रिज के नीचे स्थानीय नागरिक व यात्रीगण वाहन खड़े कर के चले जाते है। स्थानीय नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन इस और ध्यान नही देता जिसके चलते प्रतिदिन ये स्थिति निर्मित होती है।

## सफाई कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न मिलने पर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम प्रभारी सीएमओ सूर्य प्रकाश झाला को ज्ञापन सौंपकर दो माह से लंबित वेतन भुगतान की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। वहीं स्थायी कर्मचारियों का सितम्बर माह का वेतन भी अभी तक जारी नहीं हुआ है। कर्मचारियों ने कहा कि वेतन न मिलने से उनके घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और इसलिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 के बीच वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो 15 अक्टूबर के बाद सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।ज्ञापन देने वालों में रवि गिरजे, मनीष गिरजे, रमेश, कुंवरलाल, संदीप, भारतसिंह, लखन गजभिये सहित कई सफाई कर्मचारियों मौजूद थे।

# खाद्य विभाग की नरसिंहगढ़ में कार्रवाई

## कलेक्टर के निर्देश पर पहुंचे जेल, रेस्टोरेंट व किराना दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशानुसार नरसिंहगढ़ स्थित जेल परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य एसडीएम सुशील कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जांच के दौरान जेल में कैदियों को परोसे जाने वाले खाद्य सामग्री, भंडारण एवं क्रय संबंधित आवश्यक रिकॉर्ड की गहन जांच की गई। निरीक्षण में पाया गया कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और भंडारण की व्यवस्था संतोषजनक है।

खाद्य सामग्री की आपूर्ति टेंडर प्रक्रिया के तहत विंध्य खादी ग्रामोद्योग विभाग से प्राप्त की जा रही है। एसडीएम सुशील कुमार ने बताया कि आगामी समय में भी जेल परिसर की पाकशालाओं का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि कैदियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में हिमालय रेस्टोरेंट एंड कैफे का भी शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ अनियमितताएं एवं शंका अनुसार पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए नरसिंहगढ़ शहर की विभिन्न किराना दुकानों कृ अनूप स्टोर, शकील किराना, भाटी किराना, अब्बास किराना सहित अन्य दुकानों की भी जांच की गई। इस दौरान पनीर, गुलाब जामुन मिक्स, राजनंदन गुलाब जामुन मिक्स, फिंगर आदि के नमूने जांच हेतु लिए गए, वहीं हिंद बेकरी से टॉस एवं पाम तेल के नमूने भी जांच के लिए एकत्र किए गए।



**इनका कहना है...**

जिला कलेक्टर एवं सीएमएचओ के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

शिवराज पावक
खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़

## ब्लॉकों में की जा रही कार्रवाई

# बगैर वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे क्लीनिक को किया सील



**राजगढ़।** जिले के अमूमन सभी ब्लॉकों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। ये कथित डॉक्टर बगैर किसी डिग्री/डिप्लोमे एवं स्वास्थ्य विभाग के पंजीयन के बिना एलौपैथिक तरीके से मरीजों का उपचार करने में लगे हुए हैं, जो मानव जीवन के लिए खतरा साबित हो सकता है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इस तरह अवैध रूप से मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए हुए हैं। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने जिले के सभी ब्लॉकों में अलग-अलग टीमें गठित करने उन्हें अवैध क्लीनिकों, झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के आदेश जारी किए हैं। विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि खिलचीपुर तहसील के जैतपुराखुर्द में एक बंगाली डॉक्टर द्वारा एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इस पर सीबीएमओ डॉ. डी.आर पच्चीसिया एवं तहसीलदार रामप्रताप ठाकुर द्वारा उक्त डॉक्टर के क्लीनिक पर औचक दबिश दी गई। क्लीनिक को चेक करने पर वहां बड़ी संख्या में विभिन्न तरह के इंजेक्शन, सिरिंज, दवाईयां, एंटीबायोटिक और बच्चों के दिए जाने वाले शिरप रखे पाए गए।

### दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी

क्लीनिक में ऐलोपैथिक दवाइयां पाए जाने पर सील करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही संबंधित डॉक्टर को 3 दिवस में क्लीनिक में किए जाने वाले उपचार संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया है। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस टीम में डॉ. कोमल दांगी, फार्मासिस्ट रानू झा समेत अन्य शामिल थे।

## एनसीसी चालू करने व अन्य मांगों को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** कहने को तो राजगढ़ महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसी नाम देते हुए अध्ययन, अध्यापन सहित अन्य गतिविधि संचालन के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं पर हकीकत में हालात ठीक इसके उलट हैं। राजगढ़ डिग्री कॉलेज में एनसीसी (नेशनल क्रेडिट कोर) जैसी महत्वपूर्ण ईकाई सालों से बंद है। ऐसे में एनसीसी के जरिए आगे अपना भविष्य संवारने के इच्छुक युवाओं को मजबूरन राजगढ़ छोड़कर बाहर के महाविद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघटनद एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जगमोहन वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर कॉलेज प्राचार्य विपिन बिहारी खरे को एक ज्ञापन सौंपते हुए एनसीसी यूनिट को चालू करवाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय के क्रीडा विभाग में कुछ सालों से नियमित क्रीडाधिकारी न होने से खेल-गतिविधियों के सुचारू संचालन में आ रही परेशानियों से भी प्राचार्य खरे को अवगत कराया गया।

## मंत्री टेटवाल के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से की भेंट



**सारंगपुर।** गुरुवार को सारंगपुर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, संगठन की गतिविधियों एवं जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने सारंगपुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और आगे भी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनता के हित में काम करने की बात कही। इस दौरान भाजपा नेता निर्मल जैन सहित भाजपाई मौजूद थे।

## कांग्रेस की बैठक आयोजित



**जीरापुर।** भाजपा कि कार्य करने की दोहरी नीति से किसानों को बीमा मुआवजा नहीं मिल रहा है लाडली बहना की राशि का झूटा वादा अभी तक राशि नहीं बढ़ाई। जैसे अहम सवाल है जिससे जनता परेशान हैं हमें उन सभी मुद्दों को जनता के बीच बताना होगा। कांग्रेस समन्वय समिति का दायित्व एवं कर्तव्य बताया तथा कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं संगठन के हर कार्य को प्राथमिकता से करना है। स्थानीय सोंधिया समाज धर्मशाला में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने बताया कि कांग्रेस कमजोर नहीं ,कांग्रेस संगठन की वजह से कमजोर हुई थी जब से प्रियव्रत सिंह ने संगठन की बागडोर संभाली मजबूती मिली है। वोट चोर गद्दी छोड़ फार्म भरने का लक्ष्य पांच हजार का है लेकिन हमारा प्रयास लक्ष्य से अधिक फार्म भरने है। हमारी विधानसभा में किसी भी तरह का मतभेद नहीं है, हमारे यहां सब कार्यकर्ता एक मत होकर राजा साहब के साथ चलते हैं यही हमारी एकजुटता है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में भाजपा की प्रेसवार्ता

# स्वदेशी एक नारा नहीं बल्कि भारतीयों का संकल्प व जीवन पद्धति हैः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा जिला कार्यालय में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के तहत शुक्रवार को को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कहा कि स्वदेशी महज एक नारा नहीं बल्कि भारतीयों का संकल्प और जीवन पद्धति है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने में देश की जनता को स्वदेशी उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि देश के युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा को बढ़ावा देकर देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहभागिता करें। आज भारत का रक्षा निर्यात 23 हजार करोड़ से अधिक पहुंच चुका है। भारत वर्तमान में प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ के मोबाइल निर्यात कर रहा है। मोबाइल निर्माण में भारत विश्व में दूसरे नंबर पर है। ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर निर्माण में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है वहीं बस निर्माण में दूसरा और ट्रक निर्माण में भारत तीसरे स्थान पर है। प्रेसवार्ता के अवसर पर जिले के दोनों मंत्री, सभी विधायक पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### स्वदेशी के बढ़ावे हेतु घर-घर संपर्क करेंगे पार्टी कार्यकर्ता

स्वदेशी उत्पादों के बढ़ावे के लिए भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। गत 25 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत 1 से 30 नवंबर तक स्वदेशी रील्स प्रतियोगिता ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत निबंध प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 1 से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क, 16 से 30 अक्टूबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन, 1 से 15 नवंबर तक व्यापारी, लघु उद्योगी एवं प्रोफेशनल्स सम्मेलन व कालेज स्तरीय स्वदेशी संकल्प सेमिनार, 16 से 30 नवंबर तक स्वदेशी मेला, 1 से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क, आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ ही अन्य दिनों में अलग-अलग आयोजन होंगे।

## संभाग स्तरीय टेबल टेनिस में हुआ चयन



**ब्यावरा।** 8 से 9 अक्टूबर भोपाल में अरविंदो स्कूल में आयोजित 19 वर्ष बालक में मानस हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा के कक्षा 11वी के छात्र भविष्य सेन का चयन हुआ है छात्र राजगढ़ जिले की ओर से शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा भविष्य की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल ,प्राचार्य आर एस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चैहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी : डॉ. श्वेता

### आरोग्य भारती ने बालिका छात्रावास में आयोजित किया किशोर अवस्था स्वास्थ्य आयाम कार्यक्रम



**सारंगपुर।** आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा बालिका छात्रावास सारंगपुर में बहनों के किशोर अवस्था स्वास्थ्य आयाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. श्वेता अरोरा, प्रांत आयाम प्रमुख आरोग्य भारती ने कहा कि "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। योग, व्यायाम और ध्यान से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। हमारा खानपान और रहन-सहन हमारे विचारों को सकारात्मक बनाता है। जब मन प्रसन्न होता है, तो शरीर में खाया हुआ अन्न भी शक्ति और उत्साह प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि नकारात्मक विचार हमारी प्रगति में बाधक हैं, इसलिए हमें अपने तन-मन को संकल्प शक्ति से सशक्त बनाना चाहिए, ताकि छोटी-मोटी नकारात्मक बातें हमारे मन-मस्तिष्क पर असर न डाल सकें। कार्यक्रम में आरोग्य भारती प्रांतीय सचिव डॉ. ओमप्रकाश सोनी ने संगठन की भूमिका रखते हुए बताया कि "आरोग्य भारती पूरे देश में 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना से कार्य कर रही है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जो छात्रावास अधीक्षक रजनी व्यास ने किया।